दिन– शुक्रवार | दिनांक– 14 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। प्रदेश में भी होली को लेकर हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल है। प्रदेश में होली कल मनायी जायेगी। हालांकि कुछ जगहों पर होली आज भी मनायी जा रही है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। उन्होंने राज्यवासियों से आपसी प्रेम और सौहार्द के माहौल में इस त्योहार को मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली चौदह और पंद्रह मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार राज्य में सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द का नया सवेरा लेकर आएगा।

———————————————————————

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी

अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में भी कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है।

---

आकाशवाणी से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के चर्म रोग विभाग के चिकित्सक कौशल वर्मा ने लोगों को होली पर कृत्रिम रंगों से बचने की सलाह दी है। श्री वर्मा ने कहा कि होली खेलते समय गीले रंगों की जगह सूखे रंगों या गुलाल का इस्तेमाल करें। उन्होंने होली के लिए पेंट वार्निश और कीचड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल भी नहीं करने की सलाह दी है, क्योंकि इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है।

---

उत्तर रेलवे होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं। इधर, यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे भी होली विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों की तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस मार्च तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि बारह मार्च तक निर्धारित थी। तृतीय सक्षमता परीक्षा में कक्षा एक से बारहवीं तक के इकसठ विषयों के लिए परीक्षा होगी। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं है। पूर्व की सक्षमता परीक्षा से वंचित शिक्षक तृतीय सक्षमता परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा मई महीने में होने की सम्भावना है।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान सत्ताईस डिग्री से छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।